कार्यालय जिला पंचायत सुकमा, जिला– सुकमा (छ.ग.)

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)

Email - ceo.zp.sukma@gmail.com office phon no. 07864284027, 07864284024

क्रमांक /2765 / जि.पं. / **VB-G RAM G** / स्था. / 2026 सुकमा, दिनांक 06 /10 / 2026

//प्रेस विज्ञप्ति//

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजनांतर्गत जिला पंचायत सुकमा के जिलास्तर **कम्प्यूटर प्रोग्रामर** के पद एवं जनपद स्तर **कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर, लेखापाल** के रिक्त पदों का चयन किया जाना है, विज्ञप्ति की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट **www.sukma.gov.in** पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुकमा पिन कोड 494111 में दिनांक ..30.10.2026..... तक कार्यलयीन समय पर पहुचना अनिवार्य है।

06/10/26

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा (छ.ग.)

कार्यालय जिला पंचायत सुकमा, जिला–सुकमा(छ.ग.)

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)

Email -ceo.zp.sukma@gmail.com, Office Phone 07864-284024

—:00 विज्ञापन 00:—

क्रमांक /2766/ जि.पं./मु.का.अ./VB-G RAM G /स्था./2026–27 सुकमा दिनांक 06/10/2026

आयुक्त विकसित भारत–जी राम जी तृतीय तल विकास भवन सेक्टर – 19 नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर के पत्र कमांक I/566646/2026 वि–7/VB- G RAM G/स्था. नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.08.2026 के द्वारा विकसित भारत– जी राम जी अंतर्गत जिला सुकमा अंतर्गत जिला एवं जनपद पंचायत स्तर के रिक्त संविदा पदों पर भर्ती किये जाने के संबंध में अनुमति प्रदान किया गया है तथा आयुक्त, विकसित भारत– जी राम जी नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक I/608889/2026 वि–8त्र7/स्था./VB-G RAM G नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 31.08.2026 के द्वारा विकसित भारत– जी राम जी अंतर्गत संविदा/मानदेय पदों के निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं चयन हेतु मेरिट अंक संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश प्राप्त हुआ है। उपरोक्त प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप संविदा रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु शैक्षणिक अर्हता व मेरिट अंक के निर्धारण के अनुक्रम पर जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर अधोलिखित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं के अर्हताधारी इच्छुक अभ्यार्थियों से दिनांक 30/10/2026 सायं 05:30 बजे तक निम्न नियम एवं शर्तों के अधीन आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है।

क्र.	पदनाम	पुनरीक्षित संविदा एक मुश्त वेतन (प्रतिमाह)	रिक्त पदों की संख्या																			
			अनारक्षित					अनु.जाति					अनु. जनजाति					अन्य पिछडा वर्ग				
			मुक्त	महिला	भू.पू.स.	निःसक्त	योग	मुक्त	महिला	भू.पू.स.	निःसक्त	योग	मुक्त	मह.	भू.पू.स.	निःसक्त	योग	मुक्त	मह.	भू.पू.स.	निःसक्त	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23
1	कम्प्यूटर प्रोग्रामर (संविदा) जिला स्तर कुल– 01	(वेतन बैंड–15600–39100 लेवल 12, ग्रेड वेतन 5400) 51780 रू.	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	कार्यक्रम अधिकारी (संविदा) जनपद स्तर कुल–01	(वेतन बैंड–9300–34800 लेवल 10, ग्रेड वेतन 4400) 39875 रू.	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0
3	सहायक प्रोग्रामर (संविदा) जनपद स्तर कुल–01	(वेतन बैंड–9300–34800 लेवल 9, ग्रेड वेतन 4300) 35165 रू.	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0
4	लेखापाल (संविदा) जनपद स्तर कुल–04	(वेतन बैंड–5200–20200 लेवल 06, ग्रेड वेतन 2400) 23350 रू.	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	3	0	0	0	3	0	0	0	0	0
योगः–			**2**	**0**	**0**	**0**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**5**	**0**	**0**	**0**	**5**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**

06/10/26

विकसित भारत–जी राम जी अंतर्गत संविदा पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं चयन हेतु मेरिट अंक

क्र.	पदनाम	निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्हता	विवरण	अंक
1	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	प्रथम श्रेणी –बी.ई. कम्प्यूटर साईस/एम.सी.ए./एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईस)/बी.ई. (आई.टी.)। डाट नेट टेक्नालाजी/ जावा/एम.एस.एस.क्यू.एल./ओरेकल के ज्ञान को प्राथमिकता	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए	70
			कप्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा	15
			डाट नेट टेक्नालाजी/जावा/एम.एस.एस.क्यू.एल./ओरेकल के ज्ञान पर	5
			शासकीय ग्रामीण विकास विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभवः–	
			न्यूनतम 2 वर्ष तक का अनुभव	5
			2 वर्ष से अधिक का अनुभव	10
2	कार्यक्रम अधिकारी	प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए. /बी.ई./ MRTM (Master of Rural Technology and Management) /गणित/भौतिक विषय में स्नातकोतर ।	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंको का Weightage देते हुए	70
			कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए	15
			शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभवः–	
			न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
			5 वर्ष तक का अनुभव	10
			5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15
3	सहायक प्रोग्रामर	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम. एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी)/एम.सी.ए. या समकक्ष उपाधि। अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी में बी.ई./बी. टेक या समकक्ष उपाधि।	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए	45
			कम्प्यूटर व प्रयोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य) 100 अंक का Weightage देते हुए	40
			शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभवः–	
			न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
			5 वर्ष तक का अनुभव	10
			5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15
4	लेखापाल	55 प्रतिशत में बी.काम. (अ.ज.जा. एवं अ.जा. हेतु 50 प्रतिशत में बी.काम.) (बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए द्वितीय श्रेणी में बी.काम उतीर्ण)	हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए	20
			न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंको का Weightage देते हुए	50
			कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर	15
			शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभवः–	
			न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
			5 वर्ष तक का अनुभव	10
			5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15

Mukesh Thakur
06/01/26

नियम व शर्ते :–

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल बंद पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से दिनांक 08.10.26 से 30.10.26 तक कार्यालय दिवस एवं सायं 5:30 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा के नाम मे ही स्वीकार किये जावेगें। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेंगा।
2. रिक्त पदों के लिये पदवार अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही पत्राचार हेतु दो खाली लिफाफा 5–5 रू. डाक टिकट सहित स्वयं का पता लिखा आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदिक पद का नाम/संवर्ग का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
4. चयन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु सतत् रूप से जिला पंचायत कार्यालयीन सूचना पटल के साथ–साथ एनआईसी जिला–सुकमा के वेबसाईट **www.sukma.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहे।
5. आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गो के लिए समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01.01.2026 के आधार पर की जावेगी।
6. किसी भी परिस्थिति में अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
7. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उक्त संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
8. आरक्षित पदो में आवेदन हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
9. आवेदन में आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची स्व–प्रमाणित होना आवश्यक है। स्व–प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।
10. संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर पदनिरंतरता, कार्ययोग्यता, कार्यक्षमता, वार्षिक कार्य मूल्याकंन (Annual Performance Appraisal) एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि बढ़ायी जा सकती हैं।
11. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन कमांक एफ. 9–1/2012/1–3 दिनांक– 31 दिसम्बर 2012 के संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।
12. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
13. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण नियम 1965) से शासित होंगे।
14. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा 1 माह की पूर्व सूचना या एक माह का वेतन जमा/देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगीं।
15. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगीं।
16. समस्त नियुक्तियां सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पत्र क्रमांक एफ 13–1/2023 अ.प्र./1–3 नवा रायपुर दिनांक 03/05/2023 के पत्र में दिये गये निर्देशो के आधीन होगी माननीय उच्चतम नई दिल्ली के एस.एल.पी (सी) क्रमांक 19688/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।
17. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जावेगा और उनको प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जावेंगा। तद्उपरांत प्रायोगिक/कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेंगा।
18. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान कर कार्य अनुभव होने पर ही अनुभव का अंक प्रदान किया जावेगा।
19. कम्प्यूटर प्रोग्रामर (संविदा) पद हेतु डॉट नेट टेक्नालॉजी/जावा/एम.एस.एस.क्यू.एल./ओरेकल के ज्ञान का वैध दस्तावेज उपलब्ध होने पर ही निर्धारित 05 अंक प्रदान किया जावेंगा।
20. अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, संपर्क हेतु संबंधित का दूरभाष नंबर तथा ईमेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे एवं अनुभव प्रमाण पत्र में वेतनमान एवं कार्यरत् शासकीय ग्रामीण योजना का

08/10/26

नाम का उल्लेख होना अनिवार्य है। अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अनुभव का अंक प्रदान नहीं किया जावेंगा। जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होगा।

21. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जावेगा।
22. शैक्षणिक योग्यता हेतु डिग्री/प्रोविजनल डिग्री/अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
23. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों का उस ग्रेड का औसत प्रतिशत् अंक प्रदान किया जावेगा। अतः अंकसूची का पृष्ठ भाग भी सावधानी से फोटोकापी करते हुए स्वप्रमाणित कर संलग्न करें।
24. यदि प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अधिक होती है तो वरीयता क्रम के आधार पर कौशल परीक्षा के लिये 01 पद के विरूद्ध 10 आवेदकों को बुलावा जावेगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव का अंक एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक पाने वाले आवेदक को एक वर्ष के लिये वरीयता क्रम पतीक्षा सूची से भरा जावेगा।
25. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेंगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जावेंगी।
26. शासकीय/गैर–शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
27. ऐसे आवेदक जिन्हे पूर्व में सेवा से अनुशासन हीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचारिता या अनियमितता के आधार पर अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन/ नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। यदि इस संबंध में नियुक्ति होने के बाद संज्ञान में आता है, तों नियुक्ति निरस्त मानी जावेंगी।
28. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। एवं पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।
29. आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा।
30. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नही होगा। ऐसे मामले में शासनादेश एवं सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आधार पर ही छूट की मान्यता होगी।
31. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है। यह नियुक्ति जिला के लिए निर्धारित रोस्टर अनुसार की जावेगीं।
32. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला कार्यालय, जिला पंचायत सुकमा (छ.ग.) के सूचना पटल वेबसाईट **www.sukma.gov.in** से अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है।
33. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगीं।
34. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार कलेक्टर, जिला–सुकमा (छ.ग.) के पास सुरक्षित रहेगा।
35. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों की संख्या आदि संबंधी त्रुटियां सुधारी जा सकती है, जिसकी सूचना विधिवत् समाचार पत्र/वेबसाईट में प्रकाशित होगी।
36. आवेदन पत्र में किसी भी कंडिका की जानकारी नहीं भरे जाने अथवा अस्पष्ट होने एवं नियम/शर्तों की किसी भी कंडिका का पालन नहीं होने की स्थिति में किसी भी स्तर पर आवेदन पत्र एवं अभ्यर्थी की उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।
37. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

"(कलेक्टर, महोदय द्वारा अनुमोदित)"

06/10/26

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा

पृ. क्रमांक/2766(A)/जि.पं./VB-G RAM G/स्था. भर्ती/2026–27 सुकमा, दिनांक 06/10/2026

प्रतिलिपिः–

1. अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।

2. आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त विकसित भारत– जी राम जी तृतीय तल विकास भवन सेक्टर – 19 नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, विकसित भारत जी राम जी, जिला सुकमा को सादर सूचनार्थ।
5. अनु विभागीय अधिकारी राजस्व सुकमा/कोण्टा/छिन्दगढ़ की ओर सूचनार्थ।
6. सहायक संचालक, जनसम्पर्क कार्यालय जिला सुकमा को सूचनार्थ। उक्त विज्ञापन को 2 प्रादेशिक एवं 1 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुकमा/कोण्टा/छिन्दगढ़ की ओर नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु सूचनार्थ।
8. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला सुकमा को, सुकमा जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in पर अपलोड़ करने की कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो चिपकाएं

आवेदित पद का नाम ....

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा
विकसित भारत– जी राम जी प्रकोष्ठ
जिला – सुकमा (छत्तीसगढ़)

(1) आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ....
(अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) :– ....

(2) पिता / पति का नाम (हिन्दी में) :– ....

(3) माता का नाम (हिन्दी में) :– ....

(4) लिंग (महिला / पुरूष) :– ....

(5) जन्म तिथि (अंको में) :– ....
(शब्दों में) :– ....

(6) दिनांक 01.01.2026 को आयु :– वर्ष .... माह .... दिन ....

(7) पत्र व्यवहार का पता :– ....
....
मोबाईल नं. .... पिन कोड़..........

(8) स्थायी पता :– ....
....
.... पिन कोड़................

(9) क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है, (हां / नही) :– ....
(सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न)

(10) वर्ग (अजा / अजजा / अन्य पिछड़ा वर्ग) :– ....
(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

(11) क्या आप निःशक्त है ? :– ....

(12) यदि हां तो निःशक्तता का प्रतिशत :– ....

एवं निःशक्तता का प्रकार :– ....

(13) (अस्थि/श्रवण/दृष्टि)(मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र) :– ....

(14) क्या आप भूतपूर्व सैनिक है? (यदि हॉ तो प्रमाण पत्र सत्यापित संलग्न करें) :– ....

(15) शैक्षणिक योग्यताः–

निम्नांकित स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें :–

क्र0	परीक्षा का नाम	परीक्षा में सम्मिलित विषय/विषय का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	हाई स्कूल						
2	हायर सेकेण्डरी						
3	स्नातक						
4	स्नातकोत्तर						
5	कम्प्यूटर संबंधी प्रमाण पत्र						
6	अन्य योग्यता						

(नोट– सी.जी.पी.ए./ओ.जी.पी.ए. स्कोर अंकित करने वाले अभ्यर्थी विश्यविद्यालय का गणना पत्रक अंकसूची के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

(14) शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव (प्रमाण पत्र) संलग्न करें।

पद का नाम	कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यरत अवधि	वेतनमान एवं संविदा वेतन	नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र का कमांक एवं दिनांक
		दिनांक ....से दिनांक ....तक कुल वर्ष .... माह		

(15) क्या आवेदक को पूर्व में अनियमितता के आधार पर पद से पृथक किया गया है अथवा उनकी संविदा सेवा वृध्दि नही की गयी है, यदि हां तो जानकारी देवें :– ....

....

(16) वैवाहित स्थिति (विवाहित/अविवाहित) :– ....

- पति/पत्नि का नाम :– ....
- पति/पत्नि की जन्म तिथि :– ....
- विवाह की तिथि :– ....
- बच्चों की संख्या :– ....

1. नाम .... जन्म तिथि ....
2. नाम .... जन्म तिथि ....
3. नाम .... जन्म तिथि ....

(17) सहपत्र :– स्व – प्रमाणित पत्रों की सूची विवरण (निम्नांकित कम में संलग्न किये जाये)

(1) हाई स्कूल	(2) हायर सेकण्डरी
(3) स्नातक	(4) स्नातकोत्तर
(5) कम्प्यूटर संबंधी प्रमाण पत्र	(6) अनुभव प्रमाण पत्र
(7) निःषक्तता प्रमाण पत्र	(8) स्थायी जाति प्रमाण पत्र
(9) जाति सत्यापन प्रमाण पत्र/षपथ पत्र	(10) मूल निवास प्रमाण पत्र
(11) अन्य योग्यता का प्रमाण पत्र	

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त आवेदन (बायोडाटा) में दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता/देती हु कि किसी भी प्रकार की गलती या गलत जानकारी के कारण मुझे चयन से वंचित किया जा सकता है, एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मुझे .... के पद पर नियुक्ति की पात्रता है। जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने के सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

स्थान .... आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक .... पूरा नाम ....